卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 14 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦21 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## सप्तम नवरात्र




नवरात्र के सातवें दिन मां भगवती के कालरात्रि स्वरूप की पूजा का विधान है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं।

# कंटेनर ने पिता-पुत्र को रौंदा

### नींद की झपकी आने से हुआ दर्दनाक हादसा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में बाइक सवार पिता पुत्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। ग्रामीणों की सूचना पर थाना अध्यक्ष ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 9 बजे बाइक संख्या यूके 06 क्यू 5439 पर खटीमा से नानकमत्ता राजमिस्त्री का काम करने इस्लामनगर उम्र खुर्द खटीमा (शेष पृष्ठ सात पर)





# पीएम मोदी के प्रधान सचिव पहुंचे केदारनाथ

रुद्रप्रयाग(उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा शनिवार को केदारनाथ भ्रमण पर पहुंचे। करीब 9 बजे वायु सेना के हेलीकॉप्टर से उन्होंने वीआईपी हेलीपैड पर लैंडिंग की। जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक विशाखा ने उनका स्वागत किया। हेलीपैड से उतरते ही उन्होंने केदारनाथ क्षेत्र एवं आपदा की जानकारी लेना शुरू कर दिया। मंदिर (शेष पृष्ठ सात पर)



# सब्सिडी में वाहन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

### महिला व उसके साथियों के विरूद्ध शिकायत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार से वाहन खरीद में सब्सिडी दिलाने के नाम पर एक महिला व उसके साथियों द्वारा एक व्यक्ति से लाखों रूपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर न्याय दिलाने की मांग की है। एसएसपी ने सम्बंधित अधिकारी को मामले की जांच करने के आदेश दे दिए हैं। सौंपे गये शिकायती पत्र में ग्राम करमचा थाना मिलक रामपुर निवासी सतनाम सिंह पुत्र बलकार सिंह ने कहा है कि बरेली निवासी एक महिला दो लोगों के साथ गैंग बनाकर उत्तराखण्ड सरकार के नाम से सब्सीडी दिलाने का झांसा देकर कीमती गाड़ियां आधे दामों पर दिलाने की बात कर लाखों की ठगी करती है। उसका कहना है महिला व उसके साथियों ने उसे थार गाड़ी दिलाने का झांसा देकर 8 लाख रूपये की मांग की। उन पर भरोसा करके उसने 12 जुलाई को 8 लाख रूपये दे दिए। उन्होंने कहा दो चार (शेष पृष्ठ सात पर)

# शक्तिफार्म में युवक की हत्या से सनसनी

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। आनन्दनगर तिलियापुर क्षेत्र में युवक की हत्या से सनसनी फैल गयी। सूचना पर शक्तिफार्म चौकी और सितारगंज कोतवाली से पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में मृतक के भाई की ओर से पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक आनंदनगर तिलियापुर क्षेत्र में स्थित गौशाला के पास शनिवार प्रातः 42 वर्षीय अमित आर्या पुत्र मदन राम का लहुलूहान हालत में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मृतक के सिर और चेहरे के साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट के निशान थे। देखते ही देखते मौके पर आस पास के लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना शक्तिफार्म चौकी एवं सितार गंज कोतवाली से (शेष पृष्ठ सात पर)





# महिला चिकित्सक के खाते से 3.20 लाख उड़ाए

### शातिर दिमाग ठगों ने बैंक आईडी भी कर ली है हैक

काशीपुर(उद संवाददाता)। महिला चिकित्सक के बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा लगभग 3 लाख 20 हजार रूपयों की रकम उड़ाने का एक हैरतअंगेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस के मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात शातिर दिमाग के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर वार्ड नंबर 6 गौतम नगर टांडा उज्जैन काशीपुर निवासी महिला चिकित्सक भावना सिसोदिया पुत्री भगवत सिंह ने बताया कि वह बागेश्वर में चिकित्सक के पद पर कार्यरत है। कुछ समय पूर्व अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके एसबीआई बैंक अकाउंट से 320265 रूपयों की धोखाधड़ी करते हुए बैंक अकाउंट से ऑनलाइन धोखाधड़ी करते हुए निकाल लिया गया। पुलिस को दी तहरीर में महिला चिकित्सक ने यह भी बताया कि उसकी ऑनलाइन बैंक आईडी भी हैक की गई है। मामला पुलिस की संज्ञान में आने पर उसने अज्ञात शातिर व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है।

# दबंग को तमंचे सहित दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला रम्पुरा में तमंचा लहराकर लोगों को धमकाने व जान से मारने की नीयत से फायर कर देने के मामले में लोगों ने एक दबंग को मौके पर तमंचे सहित दबोचकर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जबकि उसके साथी मौके से भागने में कामयाब हो गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में गुड्डू कोहली पुत्र स्व. बाबूराम निवासी रम्पुरा वार्ड 23 ने कहा है कि 20 अक्टूबर को वह अपने घर के सामने था तभी वहां पर एक मोटरसाईकल पर तीन लड़के आए जो गली में गाली गलौज कर रहे थे उन्हें ऐसा करने से मना करने पर एक लड़के ने तमंचा निकालकर धमकाया। बीच बचाव में आए सूरज कोली पुत्र ओमप्रकाश के सिर पर तमंचे से मार दिया जिससे उसके सिर पर चोट (शेष पृष्ठ सात पर)


नैनं छिन्दति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



**श्री हरी चंद मिड्ढा जी**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री हरी चंद मिड्ढा जी** का स्वर्गवास 12 अक्टूबर 2023 को हो गया था।

रस्म पगड़ी दिनांक 23 अक्टूबर दिन सोमवार को दोपहर 01.00 बजे से 03.00 बजे होटल रुद्रा कॉन्टिनेंटल में संपन्न होगी।

**दुःखशोक संवेदना से,**
बाल कृष्ण मिड्ढा–कमलेश मिड्ढा (पुत्र–पुत्रवधु)
रमेश मिड्ढा–शोभा मिड्ढा (पुत्र–पुत्रवधु)

श्रीमती सुनीता एवं स्व. राकेश चुघ (पुत्री–दामाद)
श्रीमती चंचल एवं श्री विनोद मिगलानी (पुत्री–दामाद)
श्रीमती ममता एवं श्री राजेश बाठला (पुत्री–दामाद)
श्रीमती पूनम एवं स्व. हरीश बजाज (पुत्री–दामाद)
श्रीमती स्मृती एवं श्री पुनीत गुलाटी (पौत्री–पौत्री दामाद)
श्रीमती दीक्षा एवं श्री नवीन दूसेजा (पौत्री–पौत्री दामाद)
श्रीमती सुरभी एवं श्री विजय मिड्ढा (पौत्रवधु–पौत्र)
श्रीमती स्वाति एवं श्री क्षितिज मिड्ढा (पौत्रवधु–पौत्र)
श्रीमती स्व. अंशु एवं श्री अनुज मिड्ढा (पौत्रवधु–पौत्र)
श्रीमती सरगम एवं श्री अक्षत मिड्ढा (पौत्रवधु–पौत्र)
ईशान, श्रेयन (पड़पौत्र)
निर्वी, अवनि, तारा,गुरबानी (पड़पौत्री)



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur



**दसवां/रस्म पगड़ी**



बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति **श्री श्याम लाल अनेजा** का स्वर्गवास दिनांक 14.10.2023 को हो गया है, जिनका **दसवां/रस्म पगड़ी दिनांक 23.10.2023 दिन सोमवार** को दोपहर 12 से 1 बजे तक **ओम बापू मंदिर,गदरपुर** में संपन्न होगी।

**दुखित परिवार**

**फूला रानी (पत्नी)**
अनिल अनेजा–ममता (पुत्र–पुत्रवधू)
कमल कुमार–गीता (पुत्र–पुत्रवधू)
राजेश कुमार–पूजा (पुत्र–पुत्रवधू)
महेन्द्र पाल, सूरज प्रकाश (भाई)
डा. हिमांशु अनेजा (भतीजा)

कान्ता–दिनेश बत्रा (बेटी–दामाद)
स्व. नीलम छाबड़ा–सतीश छाबड़ा (बेटी–दामाद)
रजनी–हरीश तनेजा(बेटी–दामाद)

**निवासः** ग्राम कुलवन्त नगर, गदरपुर,
मो. 9927209515, 9837622662

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# गदरपुर में सूर्पनखा मायाजाल का हुआ मंचन

गदरपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास श्री शिव पार्वती रामलीला के तत्वाधान में आठवें दिन के मंचन दिखाते हुए सूर्पनखा का मायाजाल का भव्य मंचन किया गया। मंचन के दौरान मुख्य मुख्य अतिथि हरीश मुंजाल ने सूर्पनखा का मायाजाल एवं भरत मिलाप के मंचन को देखकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भाई से भाई का प्यार हमें सिखाता है कि आज के समय में हमें भाई भारत के पद की तरह मजबूत बनकर इस नशे की जड़ को काटना बहुत जरूरी है। वहीं किन्नर समाज की वरिष्ठ समाज सेविका शालू किन्नर एवं उनकी पूरी टीम को भी पगड़ी पहनकर सम्मानित का सम्मान करने एवं रामलीला की पूरी व्यवस्थाओं को संभाले रखने का बेड़ा उठाते हुए अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाया जिसके लिए वरिष्ठ समाजसेवी हरीश मुंजाल ने रामलीला





अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्र के वरिष्ठ समाज से भी हरीश मुंजाल,संजू मुंजाल के परिवार सहित पूर्व पालिका अध्यक्ष सुपुत्र अनिल सिंह कांग्रेसी युवा नेता प्रशांत सिंह सत्यम सिंह सहित मीडिया क्लब के पत्रकारों को भी पगड़ी पहनाकर मंच पर सम्मानित किया गया। चिन्हों पर चलकर अपने बड़े भाई अपने माता-पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। साथ ही नशे से हमेशा दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा आज सूर्पनखा जैसी राक्षसी शक्तियां सामने से नहीं बल्कि नशे के रूप में समाज को खोखला कर रही है। इसलिए लक्ष्मण किया गया जिन्होंने पूरे समाज में नशा मुक्ति एवं सुख दुख के समय में समाज को एकजुट रहकर एक दूसरे की मदद करने की मुहिम चला रखी है। शिव पार्वती रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रेम सचदेवा महामंत्री रमन छाबड़ा एवं कोषाध्यक्ष जुगनू डंग ने आए अतिथियों कमेटी की पूरी टीम को सुंदर मंचन के लिए बधाई दी। इस मौके पर महावीर दल नाटक कला परिषद एवं रामलीला कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे साथ ही हजारों की तादाद में पहुंची जनता ने भी रामलीला के दृश्यों का आनंद लिया।

# सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा संपन्न

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। सिंह कॉलोनी गली नंबर 9 के सामने आंगनबाड़ी केंद्र में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के समापन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने वृंदावन से कथावाचक आचार्य श्री महंत कृष्ण आचार्य जी महाराज को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने भागवत कथा के आयोजन की सराहना करते हुए धार्मिक



आयोजनों में बढ़चढ़कर भागीदारी करने का आहवान किया। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है । उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरतत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।पूर्व विधायक ठुकराल ने धार्मिक आयोजनों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर अनिल चौहान, समाजसेवी संजय ठुकराल, दिलीप राजपूत, नरेंद्र रावत, विनोद कक्कड़, धीरू त्रिपाठी, मंगल दुबे, प्रमोद पांडे, गिरीश तिवारी, पुष्पेंद्र रावत, गुड्डू रावत, जिंदल जी, द्विवेदी जी, मुकेश कुमार, देव ग्रोवर, दर्शन सिंह राणा, सुरेश सागर, प्रमोद गुप्ता, संजय पांडे, जोशी जी ,जगमोहन ,बंटी कोली मौजूद थे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास को सर्वश्रेष्ठ है जयपुरिया स्कूल: बहुगुणा

सितारगंज( उद संवाददाता)। नगर के सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल में इन्वेस्टीचर सेरेमनी के अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मैनेजिंग डायरेक्टर महेश मित्तल ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि सौरभ बहुगुणा को चयनित छात्र व छात्राओं ने गार्ड ऑफ ओनर दिया, बच्चों द्वारा सुन्दर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। सौरभ बहुगुणा द्वारा चयनित छात्र व छात्राओं को शेशे पहनाये व बैच अलंकरण किया और सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने भविष्य का गोल सेट करना होगा जीवन




में आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई के साथ साथ अपना एक फील्ड तय करें ताकि उस क्षेत्र में जब हम पूरी तैयारी के साथ उतरें तो हम नंबर वन हों। मैनेजिंग डायरेक्टर महेश मित्तल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डायरेक्ट आकाश मित्तल, प्रधानाचार्य पंकज शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, उमाशंकर दुबे,दयानन्द तिवारी, उदय राणा,पंकज रावत,रवि रस्तोगी, मुकेश सनवाल,अंशिका गोयल,सीमाब खान, रियाज उल हक आदि मौजूद रहे।

# बाबा बंदा सिंह बहादुर के जन्मदिन पर बच्चों को वितरित किये पुरस्कार

गदरपुर(उद संवाददाता) । मुगल राज्य की नींव हिलाकर खालसा राज की स्थापना करने वाले बाबा बंदा सिंह बहादुर के जन्मदिन पर श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों को खिलौने बांटकर उनका उत्साह वर्धन किया गया । सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गुरु नानक पब्लिक स्कूल प्रबंधक परविंदर सिंह गाबा और प्रधानाचार्य चंपा पांडे द्वारा बच्चों को खिलौने प्रदान किए । इस दौरान



कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंघ ने बाबा बंदा सिंघ बहादुर के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जुल्म के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए और अधीनगी ना स्वीकार करके शहादत का जाम पिया था । इस मौके पर शिक्षिका फरहीन एवं शाहिना के अलावा परिचारिका रेखा और विमला, बच्चे ईशान,अजान,पलक,निशा, समद,सना, नरेंद्र,वंश, माही,जसकीरत, अमन, सूजैना, तरनप्रीत, सायमा,फैजान, गुरपाल एवं गुरपाल सिंह उपस्थित रहे ।

# आर.ए.एन. स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल के एकलव्य भाटिया तथा मोक्ष श्रीधर ने बदायूं बी.आर.बी. मॉडल स्कूल में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन क्लस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया और रजत पदक प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए। इस प्रतियोगिता में 128 स्कूलों में प्रतिभाग किया। आर.ए.एन. विद्यालय तथा उनके माता-पिता के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है। बच्चों की इस उत्तम सफलता पर विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच के राय, विद्यालय प्रबंधक श्री मोहित राय, विद्यालय संचालिका श्रीमती निधि राय तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट जी ने बच्चों तथा उनके माता-पिता को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# राम ने खाए शबरी के झूठे बेर, हनुमान ने फूंक दी लंका

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामलीला संचालन नवें दिन श्री रामलीला मैदान में शबरी आश्रम, राम सुग्रीव मित्रता, सीता खोज, लंका दहन भूषण शर्मा द्वारा कराया गया। दिन की लीला में भगवान राम और लक्ष्मण जी सीता माता की खोज में वन वन भटकते हुए, शबरी के आश्रम पहुंच जाते हैं। मीठे झूठे बेर फिर भगवान को खिलाती है। प्रेम के भूखे प्रभु झूठे बेर ही खाते जाते हैं। पर लखन लाल यह देख कर झूठे बेरों को पीछे फेक देते हैं। जब शबरी को यह





की लीला का मंचन व्यास जी द्वारा कराया गया। रात्रि लीला में दशरथ मरण, भारत मिलाप, पंचवटी , सूर्प नखा नासिका छेदन खर दूषण वध आदि का मंचन वृंदावन से पधारे व्यास भारत भगवान को सामने पा कर शबरी बहुत प्रसन्न होती है और भावुक हो कर भगवान को जलपान कराती हैं। वह प्रभु के प्रेम में इतनी खो जाती हैं कि बेर को चख चख कर बेर खुद खाती हैं और पता चलता है की प्रभु सीता जी की खोज में यहां आए हैं तो शबरी द्वारा बताया जाता है कि प्रभु आप दक्षिण दिशा में स्थित पंपापुर पर्वत पर जाइए वहां आपको सुग्रीव आदि वानर मिलेंगे वही आपकी सीता जी की खोज में सहायता करेंगे। भगवान श्री राम आगे बढ़ते हैं और पंपापुर के पास किसकिंध ा पर्वत पर पहुंचते हैं, जहां पर उनकी मुलाकात हनुमान जी से होती है। हनुमान जी ही भगवान श्री राम और लखन को अपने कंधे पर बैठा कर सुग्रीव के पास ले कर जाते हैं। भगवान द्वारा सुग्रीव से मित्रता की जाती है और सुग्रीव को सारा वृतांत बताया जाता है।सुग्रीव जी कहते हैं कि प्रभु मैने कुछ दिन पहले आकाश में पुष्पक विमान से रावण को किसी महिला को दक्षिण की तरफ ले जाते हुए देखा। उनके द्वारा हा राम, हा राम कहते हुए कुछ आभूषण नीचे फेके गए। उनमें से कुछ मैं आपको दिखाता हूं। अगर सीता माता के आभूषण हैं तो आप पहचान ही लेंगे।श्री राम द्वारा लक्ष्मण से पूंछा जाता है कि लक्ष्मण तुम देखो क्या ये आभूषण सीता के हैं लक्ष्मण जी कहते है प्रभु मैने कभी माता के चेहरे को नहीं देखा ये आभूषण मैं नहीं पहचान पाऊंगा। भगवान श्री राम को सुग्रीव जी द्वारा माता सीता की जानकारी दी जाती है। सुग्रीव द्वारा भगवान को अपने भाई बाली के विषय के बारे में बताया जाता है। भगवान राम द्वारा बाली का वध करके किष्किंध ा का राज सुग्रीव को दिया जाता है।उसके पश्चात वानरों और रीछों द्वारा सीता जी की खोज होती है। हनुमान जी सीता खोज में लंका पहुंचते हैं और माता सीता को भगवान राम की मुद्रिका दिखाते हैं। जिसे पहचान कर माता सीता को विश्वास होता है कि यह राम दूत ही है। हनुमान जी चूड़ा मढ़ी ले कर आते हैं, साथ ही लंका दहन भी कर आते हैं। व्यास पूजन गोधन धौनी, मनोज जोशी, चंदन बिष्ट आदि ने किया। हनुमान जी का पाठ अमित जोशी ने किया। आज की लीला ने गौरव अग्रवाल, नरेंद्र साहनी आदि उपस्थित रहे। रामलीला संचालन समिति से रूपेंद्र नागर, अजय राजौर, भवानी शंकर नीरज , विनीत अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# प्रभु राम व हनुमान के मार्मिक मिलन ने किया भाव विभोर

## मुख्य अतिथि आशियाना ग्रुप व सशक्त इंफ्राटेक प्रा.लि.के डायरेक्टर वैभव ग्रोवर एवं कशिश खेड़ा का पदाधिकारियों ने किया स्वागत
## राम-जटायु संवाद, हनुमान का राम-लक्ष्मण को अपनें कंधों पर बैठाकर ले जाना, राम सुग्रीव मिखता,बाली वध तक की लीला का मंचन






रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य रामलीला में विगत रात्रि राम विलाप, राम-जटायु संवाद, राम-हनुमान का महामिलन, हनुमान का राम-लक्ष्मण को अपनें कंधों पर बैठाकर श्रश्यमूक पर्वत ले जाना, राम सुग्रीव मित्रता, सुग्रीव-बाली युद्ध, बाली वध, अंगद विलाप तक की लीला का मंचन हुआ। विगत रात्रि की रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि आशियाना ग्रुप व सशक्त इंफ्राटेक प्रा0 लिमिटेड के डायरेक्टर वैभव ग्रोवर एवं श्री कशिश खेड़ा तथा अति विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, श्री रामनाटक क्लब के डायरेक्टर आशीष ग्रोवर आशू, विजय चिलाना, नोनी ग्रोवर, लवी ग्रोवर नें संयुक्त रूप से सपरिवार दीप प्रज्जवलित कर किया। रामलीला कमेटी ने सभी अतिथिगणो को माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आज गणेश वंदना एवं राम वंदना के बाद प्रारम्भ हुयी लीला के प्रथम दृश्य में आज राम अपनी कुटिया में वापस आते हैं। वहां सीता को न पाकर राम को घबरा जाते हैं। राम विलाप करते हुये सीताजी को खोजते है। इसी दौरान उन्हें गंभीर रूप से घायल पक्षीराज जटायु दिखते है। मृत्यु से पूर्व जटायु बताते हैं कि रावण नाम का राक्षस सीता जी का हरण कर दक्षिण दिशा की तरफ गया है। इसके बाद शबरी से उनकी मुलाकात होती है। शबरी के मीठे बेर राम को बहुत भाते हैं, लेकिन लक्ष्मण बेर नहीं खाते। राम दक्षिण दिशा की तरफ लगातार आगे बढ़ते जाते है। जब सुग्रीव ने राम और लक्ष्मण को देखा तो वह भयभीत हो गया। उसने हनुमान को कहा कि हमारी जान को खतरा है। सुग्रीव की बातें सुनकर हनुमानजी ब्राह्मण का रूप धरकर वहां गए और मस्तक नवाकर विनम्रता से राम और लक्ष्मण से पूछने लगे। हे वीर! आप कौन हैं, जो क्षत्रिय के रूप में वन में फिर रहे हैं। विस्तृत बातचीत के बाद प्रभु को पहचानकर हनुमानजी उनके चरण पकड़कर पृथ्वी पर गिर पड़े। उन्होंने साष्टांग दंडवत प्रणाम कर स्तुति की। अपने नाथ को पहचान लेने से हृदय में हर्ष हो रहा था। फिर हनुमानजी ने कहा- हे स्वामी! मैंने जो पूछा वह मेरा पूछना तो न्याय था, वर्षों के बाद आपको देखा, वह भी तपस्वी के वेश में और मेरी वानरी बुद्धि... इससे मैं तो आपको पहचान न सका और अपनी परिस्थिति के अनुसार मैंने आपसे पूछा, परंतु आप मनुष्य की तरह कैसे पूछ रहे हैं? मैं तो आपकी माया के वश भूला फिरता हूं। इसी से मैंने अपने स्वामी (आप) को नहीं पहचाना, किंतु आप तो अंतरयामी हैं। ऐसा कहकर हनुमानजी अकुलाकर प्रभु के चरणों पर गिर पड़े। उन्होंने अपना असली शरीर प्रकट कर दिया। उनके हृदय में प्रेम छा गया, तब श्री रघुनाथजी ने उन्हें उठाकर हृदय से लगा लिया और अपने नेत्रों के जल से सींचकर शीतल किया। हनुमान जी दोनों सुकुमारों को अपने कंधे पर बैठकर ऋषिमुख पर्वत पर ले जाते हैं, जहां सुग्रीव और राम की मित्रता हो जाती है। राम के कहने पर सुग्रीव बाली को जा ललकारता है। दोनों में भारी युद्ध होता है,बाली सुग्रीव की अच्छी मरम्मत करता है। जैसे तैसे सुग्रीव भाग कर जान बचाता है। उलाहना देने पर राम उसे बताते है कि तुम दोनो एक समान दिखते हो। इस बार तुम एक माला पहन कर जाओ। दूसरी बार ललकारे जाने मुझे मुक्ति मिले ! हे प्रभो! यह मेरा पुत्र अंगद विनय और बल में मेरे ही समान है, इसे स्वीकार कीजिए और हे देवता और मनुष्यों के नाथ! बाँह पकड़कर इसे अपना दास बनाइए द्य यह कहकर बाली दम तोड़ देता है। उसकी पत्नी तारा और पुत्र अंगद बिलख उठते हैं। बालक अंगद कहता है कि हे पिता उठो, मेने तो अभी न आपके साथ खेला है, न कुछ खाया है। राम दोनो को दिलासा देते हैं। वर्षा ऋतु बीतनें के बाद राम व सुग्रीव वानर दलों को चारो दिशांओं में भेजते है। दक्षिण की तरफ हनुमान व अंगद सहित सबसे मजबूत वानर दल को रवाना करने के साथ ही आज की लीला को विराम दे दिया जाता है। आज राम की भूमिका में मनोज अरोरा, हनुमान की भूमिका में सुशील गाबा, लक्ष्मण की भूमिका में गौरव राज बेहड़, गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, जटायु की भूमिका में राजेन्द्र ग्रोवर, शबरी की भूमिका में नरेश छाबड़ा, सुग्रीव की भूमिका में विशाल अनेजा, बाली की भूमिका में वैभव भुड्डी, अंगद की भूमिका में कनव गंभीर, नल- हर्ष अरोरा, नील जय तनेजा, सेनापति की भूमिका में आयुष्मान सुशील गाबा नें शानदार अभिनय कर उपस्थित हजारो जनता का मन मोह लिया। संचालन मंच सचिव संदीप धीर, विजय जग्गा एवं केवल कृष्ण बत्रा नें किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, समन्वयक नरेश शर्मा, अमित अरोरा बोबी, मोहन लाल भुड्डी, राजेश छाबड़ा, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, मनोज मदान, राजेश पप्पल, उमेश पसरीचा, विक्की घई, सोनू वर्मा, कर्मचन्द राजदेव, हरीश अरोरा, विजय जग्गा, सुभाष खंडेलवाल, बिट्टू ग्रोवर, केवल कृष्ण बत्रा, मोहन लाल गाबा, विजय विरमानी, मनोज गाबा, रवि बठला, अमित चावला, आशीष मिड्ढा, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, अनिल तनेजा, रमन अरोरा, कुक्कू शर्मा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, पवन गाबा पल्ली, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा, चिराग तनेजा, रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा,गौरव जग्गा, सचिन आनन्द, सुमित आनन्द, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, सन्नी आहूजा, अमित वर्मा, कपिश सुखीजा, लवी ग्रोवर, नोनी ग्रोवर, नीतिश धीर, कुंदन, सिद्धान्त ग्रोवर, सन्नी सुखीजा, जतिन सुखीजा, आदि उपस्थित थे।

## आज होगा लंका दहन

रूद्रपुर। श्रीराम लीला में आज हनुमान संपाती संवाद, जामवन्त द्वारा हनुमान जी को उनकी शक्तियां याद दिलाना, हनुमान का लंका पहुंचना, रावण-सीता संवाद, हनुमान सीता संवाद, हनुमान द्वारा अशोक वाटिका को उजाड़ना, हनुमान-अक्षय कुमार युद्ध, अक्षय कुमार वध, हनुमान- मेघनाद संवाद, मेघनाद द्वारा ब्रहमास्त्र का प्रयोग कर हनुमान जी को बंदी बनाना, हनुमान-रावण संवाद, लंका दहन, हनुमान की राम कैंप में वापसी आदि दृश्य प्रमुख रूप से दिखाये जायेंगें।

## बाल अंगद के रूप में कनव गंभीर ने दिखाई अपनी प्रतिभा

रुद्रपुर। शहर की मुख्य रामलीला में गतरात्रि बाल अंगद की भूमिका में कनव गंभीर ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। सुग्रीव-बाली युद्ध में प्रभु श्री राम के तीर से घायल हुये बाली की मृत्यु के बाद उनके पुत्र अंगद का अभिनय कर रहे सीए अमित गंभीर के 11 वर्षीय सुपुत्र कनव गंभीर के अभिनय के सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। अपने पिता बाली को मृत अवस्था में देख बाल अंगद द्वारा उनको उठाना और उनके प्रति दिखाई गई श्रद्धा के अभिनय को देख दर्शकोंने कनव गंभीर की खूब सराहना की। कनव ने बताया कि यह उनका सौभाग्य है कि वह प्रभु श्री राम लीला में अभिनय कर रहे है। प्रभु का आर्शीवाद मिलता रहा तो आगे भी प्रभु राम की सेवा करते रहेंगे। यहां आपको बता दे कि कनव श्री रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर के पुत्र है। पूरे गंभीर परिवार द्वारा तन-मन-धन से श्री रामलीला में सेवा की जा रही है।



## सुशील गावा के अभिनय के कायल हुए लोग

रुद्रपुर। नगर की सबसे प्राचीन एवं मुख्य रामलीला में समाजसेवी सुशील गाबा इस बार भी हनुमान जी का किरदार पूरे भक्ति भाव से निभा रहे है। बीती रात श्री राम हनुमान महामिलन की लीला में सुशील गावा ने अपने संवाद से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। इस दौरान गावा का अभिनय देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। उनके अभिनय की जमकर तारीफ हुई। श्री गाबा ने पिछले वर्ष भी हनुमान की भूमिका निभाई थी। इससे पूर्व गाबा श्री रामलीला में कई पात्रों का किरदार निभा चुके हैं। श्री गाबा मंच संचालन और मंच के पीछे की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी पूरी शिद्दत से निभाते हैं। सुशील गाबा कहते हैं कि प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से ही यह सब संभव होता है। हनुमान जी की कृपा उनके परिवार पर हमेशा बनी रहती हैं। श्री गाबा कहते हैं कि आज लोग अपनी भागदौड़ की जिंदगी एवं विलासिता पूर्ण जीवन के चलते अपनी संस्कृति को भूलता जा रहा है। हम सबको चाहिए कि ऐसे धार्मिक कार्यो में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति का ज्ञान करा सके। इस वर्ष भी समाजसेवी सुशील गाबा अपने अभिनय से दर्शकों के आकर्षण का केद्र बन गये है। गत रात्रि श्री राम हनुमान मिलन के मंचन का जीवंत अभिनय कर उन्होंने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। आज रात्रि भी सुशील हनुमान जी का किरदार की भूमिका में रहेगे।



## श्री राम के स्वरूप में मनोज करते हैं जीवंत अभिनय

रूद्रपुर। पिछले कई वर्षो से नगर की मुख्य रामलीला में प्रभु श्री राम का अभिनय कर रहे मनोज अरोरा के दर्शक काफी कायल है। अभिनय के दौरान उनका मुस्कराता चेहरा उनकी पहचान बन चुकी है। श्री रामलीला के मुख्य किरदार प्रभु श्रीराम जी की भूमिका को वरिष्ठ कलाकार मनोज अरोरा ने इस बार सातवे वर्ष भी जीवन्त किया है। प्रभु श्री राम के अभिनय में श्री अरोरा की अपनी एक अलग पहचान है। अभिनय के दौरान उनकी सौम्य वाणी दर्शकों पर एक अलग ही प्रभाव छोड़ती है। राम का मार्मिक अभिनय कर रहे मनोज पिछले 27 वर्षों से रामलीला में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन श्री राम की भूमिका वह सात वर्षो से निभा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 15 वर्षो तक लगातार सीता, नारद, श्रवण एवं भरत का अभिनय किया। इसी के साथ पूर्व में वह सुषेण,तारा सुलोचना, मन्दोदरी, लक्ष्मण जी के किरदारो को भी मंच पर जीवंत कर चुके हैं। मनोज अरोरा कहते हैं कि श्री राम हिंदू धर्म में आदर्श हैं। उन्हें प्रभु श्री राम का अभिनय करने का जो किरदार मिला है वह उनके लिये बड़ी सौभाग्य की बात हैं। उन्होंने कहा प्रभु श्रीराम जी की सेवा कर उन्हे जो आत्म संतुष्टि मिलती है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।



## लक्ष्मण की भूमिका में गौरव बेहड़ जीत रहे दर्शकों का दिल

रूद्रपुर। नगर की मुख्य रामलीला में लक्ष्मण का किरदार निभा रहे किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के पुत्र गौरव राज बेहड़ अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में राज कर रहे है और अपने शानदार अभिनय के दम पर श्री बेहड़ दर्शकों की खूब वाहवाही लूट रहे है। सीता हरण में माता सीता- लक्ष्मण संवाद में श्री बेहड़ की जमकर तारीफ हुई और उन्होंने जनता की खूब तालियां बटोरी। गौरव पिछले 29 वर्षो से रामलीला में अभिनय कर रहे है। इस बार भी वह रामलीला में लक्ष्मण की भूमिका में लोगों का दिल जीत रहे हैं। गौरव ने रमालीला में अभिनय की शुरूआत मकर ध्वज के पात्र के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने मारीच, खर, वाणासुर, ब्रह्मा सहित कई पात्रों को मंच पर जीवंत किया। पिछले आठ वर्ष से वह लक्ष्मण का रोल सजीवता पूर्वक कर रहे है। गौरव कहते है कि प्रभु श्रीराम जी की लीला के मंचन का प्रमुख उद्देश्य मनोरंजन नहीं बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति को जीवित रख कर उच्चतम मूल्य का संदेश समाज में प्रसारित करना है।



## 26 बार कैकई का किरदार निभा चुके हैं नरेश छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की मुख्य रामलीला मे मंच कलाकार नरेश छावड़ा महारानी कौशल्या तथा भक्तिमति शबरी का किरदार निभा रहे हैं। इससे पहले वह 26 कर महारानी कैकई की भूमिका निभा चुके है। स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान ही उनका मंच पर विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाने का लगाव रहा। वर्ष 1988 में वह पहली बार रामलीला मंचन से जुड़े। कामदेव, विश्वमोहनी, धनपालनी, सीता, श्रवण कुमार, भरत, वेदवती आदि पात्रों को अभिनीत कर चुके है। उनका मानना है कि रोल कोई छोटा या बड़ा नही होता। कलाकार को अपनी कला के माध्यम से उसे प्रस्तुत करने का एक अलग तरीका होना चाहिए। अभिनय से प्यार करने वाले नरेश छावड़ा का मानना है कि अभिनय में सुरताल का ज्ञान, आवाज का उतार चढ़ाव, गेर अफ, बॉडी लैंग्वेज का सही होना अभिनय मे चार चांद लगाता है। उन्होंने कहा है कि जब तक प्रभु राम की कृपा होगी वह अभिनय करते रहेंगे। नरेश को गायन व लेखन में भी रुचि है। हर वर्ष रामलीला मंचन के दौरान उनके अभिनय कला से दर्शक भाव विभोर हो जाते है।



# हनुमान ने उजाड़ी अशोक वाटिका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन के दसवें दिन शुभारंभ उद्योगपति एवं उत्तराखंड राइस मिलर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पंकज बांगा, उनके पिता समाजसेवी ओम प्रकाश बांगा एवं अदलखा ग्लास स्टोर के स्वामी यश अदलखा,नितिन हुड़िया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्री रामलीला मंचन में सुग्रीव बाली युद्ध, बाली वध, हनुमान जी का अशोक वाटिका में प्रवेश, रावण सीता संवाद ,हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका को उजाड़ना ,अक्षय कुमार वध और मेघनाथ द्वारा हनुमान जी को ब्रह्म पास में बांधना तक की लीला का मंचन किया गया। विशेष भूमिकाओं में बाली पुष्कर नागपाल, तारा आदित्य कुमार,सुग्रीव विशांत भसीन,रावण गौरव गांधी, सीता नैतिक तनेजा, राम गौरव अरोरा,लक्ष्मण रवि कक्कड़,हनुमान सनी कक्कड़,अक्षय कुमार चिराग जुनेजा, मेघनाद भारत हुड़िया द्वारा बहुत ही सुंदर अभिनय किया गया। मंच संचालन जौली कक्कड़ ने किया। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा सभी अतिथियों का पटका ओढ़ाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री शिव नाटक के सरपरस्त रमेश गुलाटी, राजकुमार परुथी,संजय ठुकराल, सूरज प्रकाश सुखीजा,नरेश शर्मा, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई,निर्देशक नरेश घई,जीतू गुलाटी, सनी घई,उपाध्यक्ष बिट्टू अरोरा, अवतार सिंह खुराना, सचिव विजय परुथी, प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा, सनी अरोरा,अक्षित छाबड़ा, राजीव भसीन, अरुण अरोरा, राजदीप बठला,बंटी मुंजाल,अनमोल घई,दिव्य घई,चेतन खनिजो, राकेश तनेजा,गौरव गांधी ,विशाल गुंबर,प्रवीण बत्रा, विशाल गुंबर, प्रवीण ठुकराल, पुष्कर नागपाल, मनीष अग्रवाल,अरुण अरोरा, राजीव झाम,राहुल अरोरा,अमर परुथी, अनमोल अरोरा, हरीश जुनेजा, आदि उपस्थित थे।







# प्रतिवर्ष बदल रहा रुद्रपुर की रामलीला के मंच का स्वरूप

## मंच के चारों ओर पक्का निर्माण और टायल्स सहित कई महत्वपूर्ण कार्य कराये गये संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले वर्ष से नगर की प्राचीन और मुख्य श्री रामलीला मंच की काया बदलने में जुटे कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा इस बार भी वहां ऐतिहासिक कार्य कराते हुये श्री रामलीला प्रांगण को सजाने और संवारने में कोई कसर नही छोड़ी गई। इस वर्ष भी श्री रामलीला मंच और प्रागंण में कई विकास कार्य कराते हुये मंच को एक नया स्वरूप देने का प्रयास किया गया। श्री रामलीला मंच के स्वरूप को संवारने का मुख्य श्रेय श्री रामलीला कमेटी के मुख्य स्तम्भ बन चुके समन्वयक नरेश शर्मा को जाता है। अपनी दृढ इच्छा शक्ति के दम पर श्री शर्मा रामलीला मंच और प्रांगण को एक नया स्वरूप देने में जुटे हुये हैं। दानवीरों व कमेटी के प्रयासों से श्री रामलीला मंच और प्रागंण में इस वर्ष भी उनके द्वारा कई ऐतिहासिक कार्य कराते हुये एक नया स्वरूप देने का कार्य किया है। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल,महामंत्री विजय अरोरा और कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर के साथ मिलकर कमेटी के समन्वय नरेश शर्मा द्वारा श्री रामलीला मंच और प्रागण को एक नया स्वरूप देने का कार्य किया जा रहा है। श्री शर्मा रामलीला प्रारम्भ होने से करीब एक माह पूर्व ही श्री रामलीला मंच को संवारने में जुट गये थे। उनके द्वारा इस दौरान करीब 200 कट्टे सीमेन्ट, 12000 ईटों और हजारों टायल्स लगवाते हुये मंच को एक नया स्वरूप देने का प्रयास किया गया। इस बार श्री शर्मा ने मंच के चारों और छत पर बूमटी, नीचे फर्श,सीढ़ियों पर टायल्स,शैड, स्टोर आदि का निर्माण कराया गया। श्री रामलीला मंच और प्रांगण में स्ट्रीट लाईट्स और स्थाई रूप से विद्युत व्यवस्था करवाई गईं। बाथरूम-टायलेट में नई टायल्स और वाशरूम बनवाये गये। कलाकारों को पीने के लिये स्वच्छ पानी मिले इसके लिये स्थाई रूप से आरओ की व्यवस्था करवाई गई। मंच को सजाने और संवारने के लिये कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा नगर के दानवीरों और क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा से सहयोग लेते हुये यह सब कार्य कराये गये। इसके साथ ही नगर के मेयर रामपाल के सहयोग से मंच के दाहिनी ओर 4 लाख रूपये की लागत से टायल्स लगवाई गई। इसके साथ ही मेयर रामपाल ने श्री रामलीला प्रांगण के मुख्य द्वार पर बनी अस्थाई पुलिया को नये सिरे से बनाये जाने का भी आश्वासन दिया गया। यहां आपको बता दे कि पिछले वर्ष भी श्री शर्मा ने रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष पद पर रहते हुये श्री रामलीला मंच और प्रागंण में कई विकास कार्य कराये गये थें। उनके द्वारा श्री रामलीला मैदान के मुख्य द्वार के आगे टाईल्स और गेट का जीर्णोद्धार कर इसे भव्य रूप दिया गया। मंच के पीछे बने कमरों की मरम्मत कराते हुये कलाकारों की सुविध ा हेतु 2 एयरकंडीशनर लगवाने के साथ ही एक फ्रिज भी लगवाया गया था। यही नहीं श्री रामलीला मंचन के पश्चात पवित्र मंच खुला रह जाता था। मंच की पवित्रता बनी रहे इसके लिये उसमें पीछे 2 विशाल गेट लगवाये गये। मंच के दाहिने और बाये तरफ बिजली और साउण्ड सिस्टम की व्यवस्था है,लीला मंचन के दौरान जहां लोगों का जमावड़ा सा लगा रहता था जिसके चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लोगों का वहां जमावड़ा न लगे इसके लिये अलग- अलग दाहिने और बाये तरफ बिजली और साउण्ड सिस्टम का केबिन बनवाया गया था। दर्शकों को श्री रामलीला को देखने में कोई असुविध ा न हो इसके लिये श्री शर्मा ने पूरे शैड में कई पंखे लगवाकर इसे हवादार बनवाया गया था। पिछले काफी समय से यह कार्य श्री रामलीला मैदान में अधूरे पड़े हुये थे लेकिन श्री शर्मा के जज्बा और मेहनत के चलते पिछली बार इन्हे पूर्ण कराया गया और इस बार भी श्री शर्मा ने मंच पर बूमटी, टायल्स, वाटर टैंक,मंच के चारों,स्थाई लाईट्स, मंच दाहिनी और टायल्स और बायी और फर्श आदि का कार्य कराते हुये मंच को सजाने और संवारने में कोई कसर नही छोड़ी गईं। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा और कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर आदि पदाधिकारियों द्वारा श्री रामलीला मैदान में कराये गये इन सभी कार्यो की जनता द्वारा खूब प्रशंसा करने के साथ-साथ समाजसेवी व कमेटी के समन्वयक नरेश शर्मा के प्रयासों की जमकर सराहना की जा रही है।






# श्री दुर्गा मंदिर में मां की चौकी का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन शारदीय नवरात्र के मौके पर गत रात्रि श्री दुर्गा मंदिर में मां भगवती की अयोजित चौकी में मां के भजनों को सुनकर भक्तजन भक्ति में झूमते रहे। ।भक्त गायक कलाकारों द्वारा मां के भजन सुनाये गये। इससे पूर्व पं. नवीन मिश्रा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई । जजमान के रूप में अंकित नरूला, भावना नरूला, नरेन्द्र नरूला, नीलम नरूला, महेन्द्र नरूला, मीरा नरूला, पवन नरूला, मीनाक्षी नरूला, रमेश छावड़ा, व उनके परिजन लवली कपूर, सोनिया कपूर, सोनू कपूर, वंदना कपूर, सिमरन कपूर आदि शामिल हुए। जिसके पश्चात रूद्रपुर के भजन गायक अमित अरोरा व हल्द्वानी के पं. विवेक शर्मा ने गुरू वंदना, मां का आव्हान, गणेश वंदना के बाद फूलों की वर्षा के साथ देवी देवताओं का दरबार में स्वागत किया। उन्होंने लेके पूजा वाली थाली ज्योति मन की जगा ली, दर तेरे ते आवां सालों साल मां, आओ मात जी तुवाड़ा मंदिर सजाया है, प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी, भक्तों की लगी है कतार भवानी, तेरी जय हो पवन कुमार मैं वारी जावां बाला जी, आ गया मैं सारी दुनियां छोड़ के तेरे आया खाटू श्याम जी आदि भजन सुनाये। इस दौरान मौजूद सभी भक्त तालियां बजाते हुए मां के जयकारे लगाते रहे। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर वेद ठुकराल, रेनू अरोरा, गुरूशरण बब्बर सन्नी, किशन नारंग, दिव्येन्द्र कुकरेती, सुनील ठुकराल मिक्की, जुगनू, नीलम गुलाटी, श्वेता गाबा,ख अश्वनी बजाज, प्रवीन गुलाटी, दिनेश गुप्ता, बबीता ठुकराल, कंचन धीर, मंजू बब्बर, अंजली मिश्रा, अनिल ठुकराल, रीतू मुरारी, चांद मदान, कृष्ण मुरारी धीर, पिंकी, प्रदीप, अनुज कक्कड़, मनोरमा, रक्षा अरोरा, तेजस्वी मिश्रा, अनिल अरोरा, नीलम अरोरा, मनोज मदान, सुमन छावड़ा, राज अरोरा, डा. दिव्या अरोरा, लव मिश्रा, लवप्रीत, पवन गावा, आशा गाबा सहित भारी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।





# अनाज मण्डी में सीता हरण की लीला का मंचन

गदरपुर (उद संवाददाता)।अनाज मंडी में चल रही श्री रामलीला में शुक्रवार रात्रि मुख्य दृश्य सीता हरण, सीता की खोज, जटायु वध, सुग्रीव मित्रता को दर्शाया गया। रावण की भूमिका निभा रहे श्री राम नाट्य कला परिषद के उपनिर्देशक सिद्धार्थ भुसरी ने दृश्य को शोभायमान किया और अपनी कलाकारी से दृश्य को और भी आकर्षक बनाया। रावण की भूमिका में सिद्धार्थ भुसरी के सीता हरण के रोल पर लोगों ने खूब तालियां बजाई। सीता जी की भूमिका में गुलशन शर्मा, मारीच की भूमिका में सुनील कालड़ा, साधु रावण की भूमिका में राज कुमार भुड्डी, जटायु की भूमिका में अभिषेक सक्सेना, हनुमान जी की भूमिका में साहिल सुधा अभिनय किया। सुग्रीव की भूमिका में मुनि भुसरी एवं अन्य कलाकारों ने दृश्यों का मंचन किया। श्री रामलीला अनाज मंडी के मंचन में करुणा, भाव, एवम गरिमा झलकती है जिसे देखने श्रद्धालु दूर दूर से आते है और प्रभु श्री राम की लीला देख उनका गुणगान करते हैं। इस बीच पधारे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधकारियों को श्री रामलीला के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष श्रीकृष्ण अनेजा ने मंच पर बुलाकर सम्मान दिया एवं गदरपुर मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल को क्लब के साथियों सहित स्मृति चिन्ह एवं पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य, श्री राम नाट्य कला परिषद के पदाधिकारी एवं कलाकार एवम तमाम श्रद्धालुओं ने लीला देखी।





# गोपाल विहार में सड़क व हाई मास्क लगाने की घोषणा

## सांसद लोधी व चुघ ने मां दुर्गा तथा श्री बाला जी मंदिर में लिया आर्शीवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रामपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने गत दिवस वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी भारत भूषण चुघ के साथ बिलासपुर के ग्राम डिबडिबा की गोपाल नगर कालोनी में स्थित श्री श्री दुर्गा माता मंदिर तथा श्री बालाजी मंदिर में पहुंचकर होने वाले आगामी कार्यक्रमों में सपरिवार आने का निमंत्रण भी दिया। इस दौरान सांसद श्री लोधी ने क्षेत्र वासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि गोपाल नगर में सांसद निधि से शीघ्र ही सड़क एवं दोनों ओर नालियों का निर्माण कराया जायेगा साथ ही मुख्य चौराहा पर हाई मास्क लाईट लगवाई जायेगी। जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना अपेक्षाओं को अवश्य पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक अवश्य पहुंचे इसके लिए सांसद महोदय अपने स्तर से सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश




शीश ।नवाया और आर्शीवाद प्राप्त किया। इससे पूर्व सांसद श्री लोधी एवं भाजपा नेता श्री चुघ का कालोनी में पहुंचने पर क्षेत्रवासियो द्वारा माल्यार्पण कर जोरदार जयघोषों के साथ भव्य स्वागत किया गया। श्री बालाजी मंदिर गोपाल विहार के महंत मनीष सलूजा ने सांसद श्री लोधी को मंदिर में आयोजित रहे हैं। प्रदेश में सभी जगह जहां विकास की गंगा बहाई जा रही है तो वहीं आम जनता की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान भी किया जा रहा है। श्री लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी सभी विकास कार्यों व जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर स्वयं पैनी नजर रखे हुए हैं। पड़ेगा। सांसद की इस घोषणा का उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।श्री चुघ ने अपने संबोधन में सांसद श्री लोधी का क्षेत्र में आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र में जनहित में कई विकास कार्य कराए जाने की आवश्यकता है। स्थानीय लोगों को सांसद श्री लोधी पर पूरा विश्वास है कि वह जन दें। श्री चुघ ने सांसद श्री लोधी को पुन: ग्राम डिबडिबा आगमन का क्षेत्र वासियोंको ओर से निमंत्रण भी दिया। इस अबसर पर नरेश गंगवार, अशोक कुमार, पवित्र सरकार, विजय कोली, राकेश गंगवार, हरिदास मण्डल, दिलीप साहनी, मंगल सिंह, विवेक गुप्ता, सुनील दुबे, दीपक राणा, शिव कुमार शिव्बू, अमित गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय मंत्री भट्ट ने किया पेयजल योजना का निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केन्द्रीय पर्यट एवं रक्षा राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने विकास खण्ड काशीपुर की चांदपुर पेयजल योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम में 90:10 ( केन्द्रांश : राज्यांश) के अनुपात में धनराशि की व्यवस्था की गयी है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्यत: पेयजल एंव ग्रे वाटर मैनेजमेन्ट आदि के कार्य होने है, जिन पर इस योजना के अन्तर्गत विशेष ध्यान दिया गया है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत चांदपुर पेयजल योजना की स्वीकृत लागत रू0 399.88 लाख का कार्य किया जा रहा है। उक्त योजना के अन्तर्गत 100 के एल0 / 15 मी0 स्टेजिंग



उच्च जलाशय, वितरण प्रणाली 23.11 कि०मी०, एफ०. एच०टी०सी० 322 नग, 01 नग नलकूप एंव 01 नग पम्प हाउस कार्य मय सामग्री टैस्टिंग / कमीशनिंग आदि के निर्माण कार्य किये जा रहे है । वितरण प्रणाली एंव एफ०एच०टी०सी० क्रियाशील पेयजल संयोजन आदि सम्बन्धी कार्य गतिमान है। योजना का निर्माण 31.12.2023 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है । उपरोक्त विकासखण्ड काशीपुर की चांदपुर पेयजल योजना के निर्माण में सम्मिलित चांदपुर राजस्व ग्राम की लगभग 1539 जनसंख्या (लगभग 322 परिवार) लाभान्वित हो रहे है एंव 55 लीटर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन मानक दर से शुद्ध पाईप्ड पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा है।

# लक्ष्मण ने किया सुपर्णखा का नाक छेदन

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के श्री रामलीला मैदान के मंच पर श्री रामलीला के मंचन में शुक्रवार की रात ग्यारहवें दिवस की रामलीला के दृश्य में दिखाया गया कि भगवान राम-सीता और लक्ष्मण वन में गमन कर रहे थे तभी वहां सुपर्णखा आ धमकी। लक्ष्मण ने उसका नाक छेदन कर दिया। खर-दूषण वध हुआ और रावण ने मायावी रूप धरकर माता सीता का हरण कर लिया। श्रीराम लीला के मंचन को देखने के लिए श्रद्धालु कई ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में पहुंचे और लीला का आनंद लिया। इस अवसर पर राकेश त्यागी, एमपी तिवारी, अमित रस्तोगी,आशीष पांडेय, पवन अग्रवाल, राजेंद्र सिंह चौहान, शिवपाल सिंह चौहान, मनोज अरोड़ा, भीमसेन गर्ग, दीप चंद्र कौशल, बंटी कौशल, सर्वजीत माटा , विंदेश जायसवाल, अनिल गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, त्रिलोक अरोड़ा, भगवान सिंह भंडारी, अनिरुद्ध राय, सौरभ सक्सेना, शिवम रस्तोगी, पंडित राधेश्याम शर्मा, सुरेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे।



# सूर्पणखा की कटी नाक, रावण ने किया सीता हरण

पन्तनगर(उद संवाददाता)।जहाँ देश भर में प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन हो रहा है वहीं प्रदेश के पन्तनगर विश्वविद्यालय के हल्दी क्षेत्र में भी श्रीरामलीला का मंचन हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। बृहस्पतिवार के मंचन में श्रीराम का सुतीक्षण एवं कुम्भज ऋषि से मिलन, सूर्पणखा नासिका छेदन, खर दूषण वध एवं सीता हरण के दृश्यों का मंचन किया गया गया। मुनि सुतीक्षण की भक्ति और कुम्भज ऋषि के मार्मिक संवाद ने जहाँ दर्शकों को भाव विभोर किया तो वहीं खर दूषण और रावण का अट्टाहास दर्शकों को खूब भायाघ तो वहीं सूर्पणखा द्वारा सुन्दरी का रूप धर राम लक्ष्मण कोघ रिझाने की भी खूब सराहना हुई। सुतीक्षण की भूमिका आशीष ढांडा ने, कुम्भज ऋषि की भूमिका शैलेन्द्र मिश्रा ने, खर की भूमिका हरेराम राय ने, दूषण की भूमिका पवन दूबे ने, सूर्पणखा की भूमिका रूपक राय ने, रावण की भूमिका धर्मेन्द्र मिश्रा ने तो वहीं राम की भूमिका प्रमेन्द्र मिश्रा, सीता की भूमिका अनिल पाल एवं लक्ष्मण की भूमिका रवि पटेल ने बखूबी निभाई। व्यास पर टेकबहादुर, जय और राहुल ने अपने भजनों से दर्शकों को भक्तिमय माहौल में पहुँचा दिया।



# अंतरसदनीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में अंतरसदनीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर व उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा ने किया। इसमें विद्यालय के चारों सदनों के कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता बेस्ट ऑफ फाइव प्रारूप में खेली गयी। जिसमें बालक वर्ग में रेड हाउस ने ग्रीन हाउस को 25-21 से हराकर कप्तान आर्यन अग्निहोत्री, प्रियांशु तिवारी तथा सलिल मेहता ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में यह प्रतियोगिता संयुक्त रूप में हुयी। जिसमें कप्तान श्रद्धा मेहरा के साथ जया पोखरिया तथा तनूजा जड़ोत ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजय दिलाई। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक पल्लवी रावत, सुमित दास, नरेन्द्र भण्डारी, अंकित राय तथा गौरव नयाल ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।



# सरफराज बने जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष

सितारगंज(उद संवाददाता)। जामा मस्जिद, ईदगाह और कब्रिस्तान की संयुक्त कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया है। जिसमें सरफराज अंसारी को अध्यक्ष चुना गया है। नई कमेटी में अब अन्य पदों पर भी प्रस्ताव के माध्यम से पदाधिकारी चुने जाने हैं। नगर के वार्ड नंबर दो में मुस्लिम समाज के लोगों की मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें सामूहिक रूप से मुस्लिम समाज के सभी तबकों के लोगों को सम्मिलित किया गया था। मीटिंग में सरपरस्त इशहाक अंसारी, पूर्व अध्यक्ष जाकिर अंसारी भी पहुंचे थे। यहां सर्वसम्मति से सरफराज अंसारी को जामा मस्जिद कब्रिस्तान और ईदगाह की संयुक्त कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। जिस पर सभी ने सहमति जताई। पूर्व अध्यक्ष जाकिर अंसारी और इशहाक अंसारी ने सरफराज अंसारी का भव्य स्वागत किया। नव नियुक्त अध्यक्ष सरफराज अंसारी ने कहा कि कमेटी के अन्य पदों पर जल्द ही आपसी सहमति से पदाधिकारी का चयन किया जाएगा। इस मौके पर सैयद सरफराज मियां, वासिद मियां, मजहर अहमद मुन्ना, पप्पू खान आढ़ती, रहीशुद्दीन इदरीसी, मास्टर तोफीक शेख, हाजी तस्लीम आढ़ती, जावेद सिद्दीकी, बहीद अहमद, साबिर अली मंसूरी, अबरार पटौदी, हनीफ बाबा, मुन्ने अंसारी, मोहम्मद हनीफ अंसारी, जलील अहमद अंसारी, इकरार अहमद अल्वी, शमसुद्दीन मुखिया, रिजवान अली, सज्जाद सैफी, तौफीक शाह, रईस अहमद सलमानी, मेहंदी हसन इदरीशी आदि लोग मौजूद रहे।



## पेज एक का शेष...

**कंटेनर ने पिता पुत्र को ...** निवासी जहीर अहमद पुत्र वजीर अहमद एवं अमन पुत्र जहीर अहमद को तेज रफ्तार से सितारगंज से खटीमा जा रहे तेल से भरे कंटेनर संख्या यूके 18सीए 7138 ने रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार दोनों पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव, एसआई चंदन सिंह, एस आई संजय कुमार, एसआई मंजू पवार सिपाही अमित देवरानी नवीन जोशी अपनी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। देखते देखते ग्रामीण को भी भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने वाहनों को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई। सड़क हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों शवों के चिथड़े उड़ गए। इधर पुलिस ने बताया कि दोनों युवक राजमिस्त्री का काम करते हैं। दोनों युवकों की मौत के बाद दोनों के परिवारजनों में कोहराम मच गया परिजनों का रो रो के बुरा हाल है। हादसे का कारण कंटेनर चालक को नींद की झपकी आना माना जा रहा है। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।

**शक्तिफार्म मे युवक की ....**पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर मृतक के भाई प्रताप कुमार आर्या की ओर से पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया है। तहरीर में प्रताप कुमार आर्या ने कहा कि गांव में ही प्रकाश राम आर्या की गौशाला है जिसमें रमेश नाम का व्यक्ति काम करता है और उसका भाई मृतक अमित आर्या भी कभी कभी काम के लिए वहां जाता था। शुक्रवार शाम को रमेश उसके भाई अमित आर्या को घर से बुलाकर ले गया। उसके बाद उसका भाई घर नहीं लौटा। सुबह उसकी तलाश की गयी तो अमित का शव गोशाला के बाहर पाया गया। तहरीर में प्रताप का आरोप है कि रमेश ने ही उसके भाई की लाठी डण्डों से पीटकर हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सब्सिडी के नाम पर...**दिन में गाड़ी मिल जायेगी। सम्पर्क करने पर टालमटोल करते रहे। रूपये वापस मांगने पर नहीं दिये। सतनाम सिंह का आरोप है कि उक्त महिला व उसके दोनों साथी पूर्व में लोगों से करोड़ों रूपये हड़प चुके हैं। महिला के विरूद्ध उत्तर प्रदेश व पंजाब के कई थानों में मुकदमें दर्ज हैं। आरोप है कि पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए आरोपी महिला के अपहरण के सम्बंध में मिलक रामपुर में मुकदमा दर्ज करा दिया। जबकि वह खुद को महिला दरोगा बताकर अपने एक साथी के साथ किच्छा में रह रही है। इतना ही नहीं महिला ने खुद को मृत घोषित भी किया हुआ है। एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं।

**पीएम मोदी के प्रधान...**के समीप तीर्थ पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण एवं रूद्राक्ष की माला पहना कर उनका स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने मंदिर में प्रवेश कर बाबा केदारनाथ का रूद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना कर समस्त विश्व एवं जन कल्याण की कामना की। बता दें कि मानसून बीतने के साथ ही केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। हालांकि बीते दिनों प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में हुए बारिश के चलते ठंड ने दस्तक दे दी है। ठंड बढ़ने से केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्य पर बुरा असर पड़ सकता है। केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। पुनर्निर्माण कार्यों की बदौलत केदारपुरी नए कलेवर में निखर रही है। प्रधानमंत्री के निर्देश पर केदारनाथ की भांति बदरीनाथ धाम का मास्टर प्लान तैयार किया गया।

**दबंग को तमंचे....**लग गई। इसके बाद उसने उसके ऊपर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जिससे उसकी टौडी पर चोट लग गई। फायर करने वाले लड़के को तमंचे सहित मौके पर ही पकड़ लिया । इसके साथ के दोनों लड़के झगड़ा होते ही भाग गए। पकड़े गये लड़के का नाम सत्यम कोली पुत्र प्रेमपाल निवासी वार्ड नंबर 23 कटोरी मंदिर के पास और इसके साथ आए लड़कों के नाम राहुल कोली तथा बंटी कोली है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर फरार दोनों युवको की तलाश शुरू कर दी हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड वासियों के लिए अब 'दिल्ली' हो जाएगी 'बहुत दूर'

**दिल्ली में नवंबर से प्रवेश नहीं कर पाएंगी उत्तराखंड की बसें, सूबे को हो सकता है करोड़ों का नुकसान ,एडवाइजरी जारी होने के बावजूद हाथ पर हाथ धरे बैठ रहे परिवहन विभाग के आलाधिकारी, नाकारा हाकिमो के करतूतो की सजा भुगतगे बस निर्दोष यात्री**

-अर्श-

रूद्रपुर। उत्तराखंड के नाकारा हाकिमों के करतूतों की सजा उत्तराखंड के निर्दोष बस यात्रियों को भोगनी पड़ सकती है ,क्योंकि आगामी एक नवंबर से उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों के लिए दिल्ली में प्रवेश निषेध हो जाएगा। लिहाजा उत्तराखंड वासियों के लिए अब दिल्ली बहुत दूर हो जाने की आशंका है। बताना होगा कि तकरीबन एक माह पूर्व दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को लेकर एक एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें यह प्रावधान किया गया था कि आगामी एक नवंबर से दिल्ली में केवल बीएस-6 श्रेणी की बसें ही प्रवेश कर पाएंगी। शेष बसें पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण के मानकों पर खरी न उतर पाने के कारण दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकेंगी। दिल्ली सरकार की उपरोक्त एडवाइजरी की जानकारी होते हुए भी उत्तराखंड परिवहन निगम के बड़े अधिकारी गहरी नींद में रहे आए और अब जबकि दिल्ली सरकार ने इस आशय का फाइनल नोटिस जारी कर दिया है ,तो राज्य के परिवहन अधिकारियों में हड़कंप मच गया है और अब वे राज्य सरकार की समक्ष गुहार लगाने की तैयारी में है। हो सकता है कि राज्य सरकार की पहल पर बीच का कोई रास्ता निकल आए, लेकिन अगर दिल्ली सरकार दिनों दिन गहराती पर्यावरण समस्या के दृष्टिगत अगर बीएस-6 बसों को प्रवेश देने के फैसले पर आड़ी रही, तो उत्तराखंड परिवहन निगम की 400 बसों का दिल्ली की सीमा के भीतर प्रवेश मुश्किल हो जाएगा और त्यौहार के सीजन में उत्तराखंड परिवहन निगम के सामने एक बड़ी मुसीबत खड़ी हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली मार्ग उत्तराखंड परिवहन निगम के लिए सबसे मुनाफे का मार्ग है, लिहाजा दिल्ली सरकार के एक नवंबर से केवल बीएस-6 श्रेणी की बसों के प्रवेश की अनुमति वाला नियम बनाए



रखे जाने से उत्तराखंड परिवहन विभाग को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो सकता है। यहां पर हम अपने पाठकों को अवगत करा दें कि उत्तराखंड परिवहन निगम के पास बीएस-6 श्रेणी की अपनी एक भी बस नहीं है। केवल 150 अनुबंधित सीएनजी बसें ही ऐसी हैं, जो बीएस-6 श्रेणी की हैं। आशय यह कि बीएस-4 श्रेणी की डीजल बसों के दिल्ली में प्रवेश पर एक नवंबर से प्रतिबंध लग जाने के बाद उत्तराखंड की तकरीबन 400 बसों के पहिए दिल्ली राज्य की सीमा पर ही जाम हो सकते हैं। वर्तमान में उत्तराखंड से दिल्ली के लिए करीब 400 बसों का संचालन हो रहा और यह सभी यूरो-4 यानी बीएस-4 श्रेणी की हैं। स्पष्ट है कि अगर बसों के दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा तो उत्तराखंड की बसें दिल्ली सीमा तक ही जा सकेंगी। ऐसे में उत्तराखंड की बसों में रोजाना यात्रा करने वाले 30 से 35 हजार दिल्ली यात्रियों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ सकती है। बता दें कि तकरीबन 1300 बस बेड़े वाले उत्तराखंड परिवहन निगम की गढ़वाल मंडल की 250 व कुमाऊं मंडल की 150 बसें प्रतिदिन दिल्ली जाती हैं। गढ़वाल की ज्यादातर बसें कश्मीरी गेट आइएसबीटी ,जबकि कुमाऊं की बसें आनंद विहार आइएसबीटी जाती हैं। इसके अतिरिक्त दिल्ली में बीएस-4 डीजल बसों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगने से दिल्ली होकर दूसरे राज्यों को जाने वाली उत्तराखंड परिवहन निगम की बसें भी प्रभावित हो सकती हैं। दिल्ली से होकर उत्तराखंड परिवहन निगम की बसें गुरुग्राम, फरीदाबाद, आगरा, जयपुर, अजमेर व अलवर, खाटू श्यामजी आदि शहरों तक जाती हैं। इस समूचे मामले में उत्तराखंड परिवहन निगम के महाप्रबंधक का रवैया बेहद उदासीन रहा आया है। उन्होंने समय रहते दिल्ली सरकार की प्रदूषण संबंधी एडवाइजरी को गंभीरता से नहीं लिया और अब वह मामले को उत्तराखंड सरकार के संज्ञान में लाने की बात कर रहे हैं। महाप्रबंधक दीपक जैन ने मीडिया के समक्ष विभाग का पक्ष रखते हुए कहा कि पर्यावरण प्रदूषण को लेकर दिल्ली की ओर से जारी एडवाइजरी की जानकारी मिली है। अब तक अधिकारिक तौर पर बसों के प्रवेश के रोक का पत्र नहीं मिला है। एडवाइजरी में बीएस-6 बसों के संचालन का जिक्र तो किया गया है, लेकिन पुरानी डीजल बसों पर प्रतिबंध लगाने जैसी बात नहीं थी। इस बारे में पूरी जानकारी लेकर शासन को अवगत कराया जाएगा।

## भारत विकास परिषद ने आयोजित की प्रश्न मंच प्रतियोगिता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद की शाखा स्तर की भारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। भारत विकास परिषद शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत कर उन्हे प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी। विभिन्न शाखाओं के अंतर्गत आने वाले करीब 40 विद्यालयों के कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग के शीर्ष 2 छात्रों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान बीएलएम अकैडमी की टीम ने जीता। द्वितीय स्थान पर स्वास्थायन पब्लिक स्कूल रहा। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर शैंफर्ड स्कूल एवं द्वितीय स्थान पर केवी पब्लिक स्कूल रहा। मुख्य अतिथि



प्रांतीय अध्यक्ष आरके गुप्ता ने बताया कि कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग की प्रथम टीमें आगामी 29 अक्टूबर को खटीमा में प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य डीपीएस डॉक्टर रंजना शाही ने सभी विजेताओं को बधाई दी। इस मौके पर अमित अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, सचिन अग्रवाल आदि मौजूद थे। क्विज मास्टर की भूमिका महिला संयोजिका डॉक्टर निधि अग्रवाल ने निभाई। भारत को जानो प्रतियोगिता के संयोजक दीपक बख्शी, गौरव अग्रवाल,मीनू गुप्ता, रूपम अग्रवाल, वैशाली अग्रवाल उपस्थित रहे।

## टेम्पो में छूटा बैग शिक्षिका को लौटाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा अपनी दायित्वों का निर्वहन करते हुए ईमानदारी का परिचय देकर लोगों का खोया सामान ढूंढकर वापस लौटने का सिलसिला निरंतर जारी है। जिसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है जिसमे बनबसा से हल्द्वानी आई अध्यापिका का टेम्पो में छूटा कीमती जेवरात व सामान से भरा बैग पुलिस द्वारा वापस लौटाया गया। अध्यापिका ने पुलिस का आभार जताया। जानकारी के अनुसार 20 अक्तूबर को श्रीमती अरूणा अध्यापिका ग्रोरियस स्कूल बनबसा से रोडवेज हल्द्वानी पर उतरकर टेंपो से लालडांट मुखानी को जा रही थी। उन्होंने उस टेंपो में अपना सामान भी रखा। इस दौरान उनका एक बैग रोडवेज स्टेशन पर ही छूट गया। जिसमें उनके कीमती आभूषण व सामान था। उसी समय वहां पर मौजूद मंगलपडाव के व्यापारी विजय गुप्ता की नजर बैग पर पड़ी। जिन्होने आस पास रोडवेज पर पता किया। काफी खोजबीन



करने पर भी बैग के मालिक का पता न मिलने पर वह बैग को लेकर हरबन्स सिंह पुलिस अधीक्षक नगर के कार्यालय पहुंचे। इसके उपरान्त एसपी सिटी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त महिला की खोजबीन की गई और एसपी सिटी हल्द्वानी के माध्यम से उक्त बैग जिसमें कीमती जेवरात ब्रेसलेट, अंगूठी, कान के झूमके व अन्य महत्वपूर्ण सामग्री थी को अध्यापिका श्रीमती अरूणा के सुपुर्द किया गया। अध्यापिका ने अपना खोया बैग वापस पाकर पुलिस का आभार जताया।


